खंड-1

उपखंड-1

पूर्व ऐतिहासिक काल एवं आद्य ऐतिहासिक काल

By Manikant Singh

1. मेगालिथिक संस्कृति के विषय में क्या सत्य है?

1. मेगालिथिक संस्कृति प्रायद्वीपीय भारत तक सीमित थी।
2. मेगालिथिक संस्कृति के लोग लोहे का प्रयोग करते थे।
3. मेगालिथिक संस्कृति के लोग निवास स्थल से अधिक शानदार अपनी कब्र बनाते थे।

कूट:

(a) केवल 1　　(b) 1 और 2

(c) 2 और 3　　(d) 1, 2 और 3

2. चित्रित धूसर मृद्भांड संस्कृति निम्नलिखित में किससे जुड़ी हुई है?

(a) ताम्र चरण

(b) लौह चरण

(c) (a) और (b) दोनों

(d) दोनों में से कोई नहीं

3. **कथन (A):-** परवर्ती हड़प्पा संस्कृतियों में काँसे का प्रयोग लगभग बंद हो गया।

कारण (R):- काँसा बनाने वाले शिल्पी अन्य क्षेत्रों में पलायन कर चुके थे।

कूट:

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

4. निम्नलिखित में से कौन परवर्ती हड़प्पा संस्कृति में शामिल नहीं था?

(a) कब्रिस्तान एच संस्कृति (Cemetery-H Culture)

(b) झूकर संस्कृति

(c) मालवा संस्कृति

(d) लाल चमकीले मृद्भांड संस्कृति

5. निम्नलिखित में कौन सी संस्कृति सीधे लौह चरण में प्रकट हुई थी?

(a) आहर संस्कृति

(b) चित्रित धूसर मृद्भांड संस्कृति

(c) उत्तरी काले पॉलिशदार मृद्भांड संस्कृति

(d) कब्रिस्तान एच संस्कृति (Cemetery-H Culture)